संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 25 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था की स्थिति की आलोचना करने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी पर पलटवार किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 14 अंकः 25 पृष्ठः 08
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी बैठक में हंगामा

● हंगामा के चलते विपक्ष के 10 सदस्यों को समिति की कार्यवाही से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया

**हंगामा बरपा**

**▶▶ विपक्ष के सदस्यों ने समिति पर उनका पक्ष न सुनने का आरोप लगाया, परंपराओं के खिलाफ बताया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वक्फ संशोधन विधेयक पर शुक्रवार को हुई संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में एक बार फिर हंगामा हुआ। हंगामा के चलते विपक्ष के 10 सदस्यों को समिति की कार्यवाही से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। विपक्ष के सदस्यों ने समिति पर उनका पक्ष न सुनने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा ने विपक्ष के इन सांसदों के व्यवहार को संसदीय परंपराओं के खिलाफ बताया।

दरअसल, वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में आज और कल प्रस्तावित संशोधनों पर खंड-दर-खंड चर्चा होनी थी। इसके बाद संसद के बजट सत्र के दौरान अंतिम रिपोर्ट पेश होने की उम्मीद है। इसी बीच आज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक समिति से प्रतिनिधिमंडल के साथ मिले। जेपीसी की बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य में जमकर कहासुनी हुई। समिति की कार्यवाही को हंगामे के चलते दो बार जबरन स्थगित करना पड़ा।विपक्ष के सांसदों के हंगामा और नारेबाजी करने पर विपक्ष के 10 सदस्यों को आज की शेष कार्यवाही के लिए निलंबित कर दिया गया। समिति की कार्यवाही से निलंबित सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक और इमरान मसूद शामिल हैं। विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि उन्हें वक्फ में संशोधन से जुड़े सुझावों पर अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला है।

### समिति के अध्यक्ष पर विपक्ष ने आरोप लगाए

**बैठक** के दौरान कांग्रेस नेता नासिर हुसैन और बनर्जी समिति की बैठक से बाहर आए और समिति के बारे में पत्रकारों से शिकायती लहजे में बात की। पत्रकार वार्ता के दौरान तृणमूल नेता कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल विपक्षी सदस्यों के पक्ष को नहीं सुन रहे हैं और बैठक अघोषित आपातकाल की तरह चलाई जा रही है। भारतीय जनता पार्टी नेता निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि विपक्ष के इन सांसदों का व्यवहार संसदीय परंपराओं के खिलाफ है।

### जम्मू-कश्मीर के लोगों की कई चिंताएं हैं: फारूक

**बैठक** से पहले मीरवाइज उमर फारूक ने पत्रकारों से कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की कई चिंताएं हैं जिन्हें हम आज जेपीसी के सामने रखने जा रहे हैं। हमारा मानना है कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए, जिससे भाईचारे का माहौल खराब हो। इससे पहले आज ही समिति के अध्यक्ष पाल ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि एक अच्छी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल से विपक्षी पार्टियों के सदस्यों की ओर से आज और कल आयोजित होने वाली बैठक को 30 से 31 जनवरी तक आगे बढ़ाए जाने के लिए पत्र लिखा था।

# पांच साल में दो लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकारः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी 5 सालों में योग्यता के आधार पर प्रदेश के युवाओं को 2 लाख सरकारी नौकरियां देगी। इस सरकार ने पिछले 10 सालों में 1 लाख 71 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। इस सरकार ने युवाओं को सरकारी नौकरियां देने के साथ-साथ अपना रोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को आईजीएन कॉलेज धनौरा लाडवा (कुरुक्षेत्र) के स्वर्ण जयंती समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कॉलेज की तरफ से आयोजित हवन यज्ञ में आहुति डाली और शिक्षण संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय ओम प्रकाश गर्ग की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कॉलेज के प्रांगण में पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कालेज की स्वर्ण जयंती की स्मारिका का विमोचन किया। इस स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शिक्षण संस्थान को 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को शिक्षित करने के लिए वर्ष 1974 में आईजीएन कॉलेज की स्थापना की गई। इस 50 साल के ऐतिहासिक सफर में शिक्षण संस्थान ने हजारों विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनाने और उन्हें हुनरमंद बनाने का काम किया है।

**लक्ष्य**

**▶▶ अपना रोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया**

विकसित हरियाणा के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आईजीएन कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थान का अहम योगदान रहेगा। प्रदेश व देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने में शिक्षण संस्थानों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है।

## भारत ने ब्रिटेन के समक्ष उठाया 'इमरजेंसी' फिल्म के प्रदर्शन में व्यवधान का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने फिल्म अभिनेत्री और लोकसभा सदस्य कंगना रनौत की चर्चित फिल्म इमरजेंसी के प्रदर्शन पर ब्रिटेन के सिनेमाघरों में व्यवधान पैदा किए जाने के घटनाओं की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की सरकार से आग्रह किया है कि वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं। ब्रिटेन में भारतीय फिल्म इमरजेंसी की स्क्रीनिंग को अवरुद्ध किए जाने के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ब्रिटेन सरकार के साथ मुद्दा लगातार उठा रहा है। इसके अलावा भारत विरोधी तत्वों की ओर से हिंसक प्रदर्शन के भी मुद्दे लगातार उठाए जा रहे हैं। हमारा मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एकतरफा नजरिया नहीं होना चाहिए। गतिरोध पैदा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। हम आशा करते हैं कि ब्रिटेन पक्ष इस पर जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई करेगा। हमारा लंदन स्थित उच्चायोग भारतीय समुदाय और सदस्यों की सुरक्षा और लाभ के लिए लगातार संवाद बनाए हुए है। उल्लेखनीय है कि खालिस्तान समर्थक गुटों ने ब्रिटेन और कनाडा के कुछ शहरों के सिनेमाघरों में प्रदर्शन और नारेबाजी कर फिल्म की सक्रीनिंग में व्यवधान डालने की

# महाराष्ट्रः आयुध फैक्टरी में विस्फोट, 8 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः महाराष्ट्र** के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। गडकरी ने जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। इससे पहले जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के एलटीपी सेक्शन में हुआ। विस्फोट के समय ह्यएलटीपी सेक्शन में 14-15 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को बचा लिया गया।

**हादसा**

**▶▶ आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए: मुख्यमंत्री देवेंद्र**

# अमूल ने दूध की कीमत एक रुपये प्रति लीटर घटाई




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अमूल** कंपनी ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इसके साथ ही देशभर में अमूल का दूध एक रुपये सस्ता हो गया है। नई दरें शुक्रवार से प्रभावी हो गई है। गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ के प्रबंध निदेशक (एमडी) जयेन मेहता ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अमूल गोल्ड, अमूल ताजा और अमूल टी स्पेशल एक लीटर पैक दूध की कीमत 1 रुपये घटा दी गई है। इस कटौती के बाद अब अमूल गोल्ड का एक लीटर पैक 66 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि आधे लीटर का पैक 33 रुपये का होगा। अमूल ताजा दूध अब 54 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, जबकि आधे लीटर का पैक 27 रुपये में मिलेगा।

## केजरीवाल से मिले आरएलपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद हनुमान बेनीवाल ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव और देश की राजनीतिक हालात पर चर्चा की। इस दौरान हनुमान बेनीवाल ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की तरफ से दिल्ली चुनाव में आआपा को अपना पूर्ण समर्थन दिया और आआपा के समर्थन में चुनाव प्रचार करने का भी भरोसा दिया।




**प्रदेश मंत्रिमंडल ने टांडा और एआईएमएसएस चमियाणा में अत्याधुनिक मशीनरी की खरीद के लिए 56 करोड़ रुपये किए मंजूर**

# कांगड़ा जिला के टांडा में रोबोटिक सर्जरी स्वास्थ्य क्षेत्र में नए आयाम करेगी स्थापितः सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** जिला कांगड़ा में शीतकालीन प्रवास के दौरान, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने धर्मशाला में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में, एम्स दिल्ली की तर्ज पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में रोबोटिक सर्जरी प्रणाली स्थापित करने के लिए 28 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी प्रदान की गई। यह पहल जिला कांगड़ा में लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में मील पत्थर साबित होगी जिससे जिला और पड़ोसी क्षेत्रों के हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा। मंत्रिमंडल ने टांडा चिकित्सा महाविद्यालय और अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा (एआइएमएसएस) में विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए 56 करोड़ रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की है।



**मंजूरी**

**▶▶ यह पहल कांगड़ा में लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में मील पत्थर साबित होगी**

टांडा मेडिकल कॉलेज और एआईएमएसएस चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत से लोगों को यूरोलॉजी, सामान्य सर्जरी, स्त्री रोग, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी और गैस्ट्रो सर्जरी में उन्नत सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे कांगड़ा और शिमला जिलों और आसपास के जिलों के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। रोग के निदान में रोबोटिक सर्जरी से सटीकता, उपचार उपरांत शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और न्यूनतम इनवेसिव तकनीकों के कारण संक्रमण जोखिम कम होता है। इस तकनीक में छोटे चीरों के साथ, रोगियों को दर्द का अनुभव कम होता है और मरीज शीघ्र ठीक होकर अपने घर जा सकता है। इस विश्व स्तरीय तकनीक से सर्जन भी लाभन्वित होंगे। जिससे वे अधिक निपुणता और सुरक्षा के साथ जटिल प्रक्रियाओं को करने की अपनी क्षमताओं में सुधार कर सकेंगे। सीएम सुक्खू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में यह नवाचार पहल हिमाचल प्रदेश के लोगों तक नवीनतम चिकित्सा तकनीक तक पहुंच सुनिश्चित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। टांडा चिकित्सा महाविद्यालय और चमियाणा स्वास्थ्य संस्थान प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने वाले उत्कृष्ट स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभरेंगे और इस क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष, राज्य के 9.5 लाख मरीज बीमारियों के उपचार के लिए प्रदेश से बाहर की ओर रूख करते है जिससे राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 1,350 करोड़ रुपये का वार्षिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर ध्यान केन्द्रित करते हुए वर्तमान राज्य सरकार हजारों मरीजों के बहुमूल्य समय और धन की बचत करने के उद्देश्य से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**राष्ट्रीय युवा दिवस**

**हरित पुरी ने बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है जिसका पूर्ण रूप से इलाज अभी तक संभव नहीं है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** शुक्रवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस जो 12 से 25 जनवरी 2025 तक एक अभियान के.रूप में मनाया जाता है का आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज चंबा में जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरित पुरी की अध्यक्षता में किया गया ।जिसमें एमबीबीएस दूसरे वर्ष के लगभग 120 प्रशिक्षु छात्रों ने भाग लिया। इस मौके.पर. बोलते हुए जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरित पुरी ने बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है जिसका पूर्ण रूप से इलाज अभी तक संभव नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि एड्स ,एचआईवी ( ह्यूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस) से पीड़ित लोगों में होने वाली बीमारी है! जिस में व्यक्ति में रोगों से लड़? की रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है और व्यक्ति कई बिमारियों से एक साथ ग्रस्त हो जाता है !जिनका उपचार करना मुश्किल हो जाता है और वो अंत में जल्दी ही काल का ग्रास बन जाता है ।परन्तु यदि व्यक्ति को जल्दी ही टेस्ट करवाकर एच आई वी से पीड़ित होने का पता चल जाए तो वह ए आर थ्रेपी द्वारा उपचार ले कर लम्बी नॉर्मल लाइफ जी सकता है उन्होंने बताया इस बीमारी के बारे में उचित जागरूकता के साथ इसे नियंत्रित किया जा सकता है।

पहले यह एक असहनीय पुरानी स्वास्थ्य स्थिति थी, लेकिन अब, एचआईवी की रोकथाम, निदान, प्रबंधन और अवसरवादी संक्रमणों सहित देखभाल में प्रगति के साथ एचआईवी से पीड़ित एक स्वस्थ और लम्बा जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल में 7500 लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं और जिला चंबा में इनकी संख्या 160 है। इन 160 लोगों को ए आर टी दवाई लेने के टांडा मेडिकल कॉलेज में जाना पड़ता है मगर अब शीघ्र ही यह सुविधा राजकीय आयुर विज्ञान महाविद्यालय चंबा में मिलने वाली है।

हालांकि सरकार की तरफ से एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति और उसके एक सहयोगी को एआरटी लेने के लिए बस का किराया आने-जाने के लिए मुफ्त है। साथ में एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति को 1500 रुपए मासिक सहायता के रूप में भी मिलते हैं।

# महिलाओं पर बढ़ते अपराधों पर जनवादी महिला समिति ने जताई चिंता

**मांग पत्र**

**प्रतिनिधिमंडल ने नाहन में डीसी और पुलिस सिरमौर से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन:** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने सिरमौर जिला के सभी शिक्षण संस्थानों में लिंग संवेदनशील कमेटीयों को गठित की मांग की। महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने नाहन में डीसी सिरमौर और पुलिसन सिरमौर से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा है। जनवादी महिला समिति ने प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई है समिति की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संतोष कपूर ने बताया कि पूरे हिमाचल प्रदेश और सिरमौर जिला में महिला हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं जो बेहद चिंतनीय विषय है। महिला समिति ने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिला के सभी शिक्षण संस्थानों में लिंग संवेदनशील कमेटीयों का गठन कर उन्हें जल्द से जल्द सक्रिय किया जाए साथ ही उनकी मोनिटरिंग सुनिश्चित की जाए ताकि महिला हिंसा के मामलों में रोक सके। महिला समिति ने नाहन में निजी शिक्षण संस्थान की महिला कर्मचारी के साथ हाल में आए छेडखानी मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि पहले भी इस संस्थान में इस तरह के मामले सामने आए हैं जिन्हें उजागर नहीं होने दिया गया। उन्होंने मांग की है कि कमेटी का गठन कर संस्थान में सभी बच्चों की काउंसलिंग होनी चाहिए ताकि सारे तथ्य उजागर हो सके।

## न्यूज फ्लैश

### मंडी के माहिन वैद्य को मिला पंजाब यूनिवर्सिटी कलर

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** मडी शहर से संबंध रखने वाले माहिन वैद्य को पंजाब यूनिवर्सिटी कलर से नवाजा गया है। एसडी कलेज चंडीगढ़ के कामर्स ऑनर्स के छात्र माहिन मंडी के रंगकर्मी पारस वैद्य के बेटे हैं। जो पढ़ाई के साथ-साथ रंगमंच पर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा रहा है। हाल ही में उसने यूनिवर्सिटी इंटर जोनल प्रतियोगिता में नार्थ जोन के लिए बेस्ट एक्टर का खिताब जीता और उसका वन एक्ट प्ले विनसेंट थीओ वान गाग प्रथम स्थान पर रहा है। जिसके लिए माहिन वैद्य को यूनिवर्सिटी कलर के अलावा शूट पैंट व कोट भी पुरस्कारस्वरूप मिला है। माहिन के पितारंगकर्मी पारस वैद्य ने बताया कि माहिन पढ़ाई के साथ-साथ रंगकर्म को भी प्राथमिकता दे रहा है। इस तरह यूनविर्सिटी कलर जीतने वाला वह पहला छात्र बन गया है।

### हिमाचल में जनवरी महीने में 75 फीसदी कम बरसे बादल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में जनवरी महीने में एक बार फिर सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं। इस साल एक जनवरी से 24 जनवरी तक सामान्य से 75 फीसदी कम बारिश हुई है। इस अवधि के दौरान 57.3 मिलीमीटर बारिश सामान्य होती है लेकिन इस बार 14.7 मिलीमीटर बारिश हुई है जिससे किसानों बागवानों की फसलों पर खासा असर पड़ रहा हैं। शिमला में आज सुबह से आसमान में हल्के बादल छाए हैं लेकिन मौसम विभाग ने 24 से 28 जनवरी तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार जताए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि बीते दिन पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी हुई है लेकिन पश्चिमी विक्षोभ ज्यादा सक्रिय नहीं हो पाया जिससे अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। प्रदेश में 28 जनवरी तक मौसम साफ रहेगा। कल और परसो ऊना हमीरपुर, मंडी, बिलासपुर में शीतलहर का अलर्ट है। दो दिनों तक सुबह और शाम कडकड़ाती ठंड का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इस बार जनवरी माह में सामान्य से 75 फीसदी कम बादल बरसे हैं। 29 जनवरी से फिर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हिमपात की संभावना हैं।

### प्रवासी कामगारों को पुलिस थाने में पंजीकरण करवाना अनिवार्य: अपूर्व देवगन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** मंडी जिला में आ रहे प्रवासी कामगारों के लिए अपने समीप के पुलिस स्टेशन में पंजीकरण करवाना जरूरी है। इस संदर्भ में जिला दंडाधिकारी, मंडी अपूर्व देवगन ने आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार जिला पुलिस की ओर से सूचित किया गया है कि मंडी जिला में प्रवासी कामगार, शॉल-कंबल विक्रेता सहित रेहड़ी-फहड़ी लगाने के लिए बाहर से बड़ी संख्या में कामगार पहुंच रहे हैं। इनमें से कई पुलिस को सूचित किए बिना ही यहां रहने लगते हैं। इसके दृष्टिगत जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रवासी कामगारों के सत्यापन किया जा रहा है।

आदेशों के मुताबिक किसी भी इन्वेस्टर/ठेकेदार/व्यक्ति के लिए भी यह अनिवार्य होगा कि वह राज्य के बाहर से किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करते समय ऐसे श्रमिकों का पूरा विवरण उनकी फोटो सहित समीप के पुलिस थाना में उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त नियमित आजीविका कमाने के उद्देश्य से मंडी जिले के भीतर किसी भी स्थान पर अस्थायी निवास करने वाले सभी रेहड़ी-फड़ी और फेरी वाले और ठेकेदार के पास काम करने वाले मजदूर स्थानीय पुलिस स्टेशन में अपना पंजीकरण अवश्य करवाएंगे। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले प्रवासी कामगारों या उनके नियोक्ता पर धारा 188 के तहत कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

# चुराह में नर कंकाल को लेकर पुलिस हुई सकिय

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** सनवाल पंचायत के नाले में मिले नर कंकाल को लेकर अब पुलिस सक्रिय हो गई है और नर कंकाल की पहचान सुनिश्चित करने में जुट गई है। अब पुलिस आयल पंचायत से लापता व्यक्ति के भाई का डीएनए परीक्षण करवाएगी।


इस संदर्भ में पुलिस ने लापता गोपाल के भाई के खून का सैंपल ले लिया है। चंबा मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से नर कंकाल की एक हड्डी ली जाएगी। खून और हड्डी को डीएनए परीक्षण के लिए पुलिस धर्मशाला फोरेंसिक लैब में भेजा जाएगा। उसमें यह साफ हो जाएगा कि सनवाल में जो नर कंकाल मिला है, वह लापता गोपाल का है या किसी अन्य व्यक्ति का । क्योंकि पुलिस इस बात को लेकर असमंजस में है कि चार दिन पहले लापता व्यक्ति का कंकाल कैसे बन गया।

हालांकि, शव को देख ऐसा लग रहा है कि उसे जंगली जानवरों ने बुरी तरह से नोचा है। फिलहाल, पुलिस ने उस कंकाल को मेडिकल कॉलेज चंबा के फोरेंसिक विभाग में भेज दिया है, जहां पर फोरेंसिक एक्सपर्ट नर कंकाल की जांच करेंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने दी पूर्ण राज्यत्व व गणतन्त्र दिवस की बधाई

**बधाई सन्देश**

**पठानियां ने कहा कि 25 जनवरी, 1971 को हिमाचल प्रदेश भारतीय गणराज्य का 18वां राज्य बना था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने प्रदेशवासियों को 55वें पूर्ण राज्यत्व व 76वें गणतन्त्र दिवस की बधाई दी है। अपने बधाई सन्देश में कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि 25 जनवरी, 1971 को हिमाचल प्रदेश भारतीय गणराज्य का 18वां राज्य बना था। उन्होने कहा कि 56 वर्षों के इस सफर में हिमाचल प्रदेश ने विकास,समृद्वि एवं खुशहाली के नये आयाम स्थापित किये हैं। पठानियां ने कहा कि हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए हमें आज प्रदेश की प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवन्त सिंह परमार की कुर्बानियों को स्मरण करना चाहिए। उन्होने कहा कि शिमला के रिज मैदान पर भारी बर्फवारी के बीच आज ही के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की घोषणा की थी। उन्होने इस अवसर पर प्रदेश वासियों को इस दिन की गरिमा बनाये रखने का आहवान किया है। कुलदीप सिंह पठानियां ने 76वें गणतन्त्र दिवस की भी प्रदेश तथा देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। पठानियां ने कहा कि हमें गणतन्त्र दिवस के महत्व को समझना चाहिए तथा इस पर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाना चाहिए। पठानियां ने कहा हम स्वतन्त्र है इस बात की आजादी हमें हमारा संविधान देता है। उन्होने कहा कि किसी भी देश का संविधान उसकी आत्मा होती है, अतः हमें इसकी गरिमा बनाए रखने में अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

पठानियां 26 जनवरी को जिला कुल्लू में जिला स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पठानियां ध्वजारोहण करेंगे तथा मार्च पास की सलामी लेंगे। इस अवसर पर मौजूद जनसमूह को पठानियां सम्बोधित भी करेंगे। इस अवसर पर विधान सभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने भी प्रदेशवासियों को 55वें पूर्ण राज्यत्व व 76वें गणतन्त्र दिवस की बधाई दी है।

# केलांग में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार फहरायगें तिरंगः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः**
जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस मैदान में आयोजित किये जा रहे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में विधानसभा उपाअध्यक्ष विनय कुमार तिरंगा फहरायगें व भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेगें व कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त लाहौल स्पिति राहुल कुमार ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 25 जनवरी 2025 को बाद दोपहर केलांग पहुंच जाएगें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से संबधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने आमजन से आग्रह किया है कि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए बढ़ चढ़ भाग लें।



**आग्रह**

**उन्होंने आमजन से आग्रह किया है कि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए बढ़ चढ़ भाग लें।**

### रेलवे स्टेशन पर लगाई जाए एटीएम मशीनः अरूण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : ऊना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने एटीएम मशीन लगाने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा प्रबंधक अशीष कटोच को पत्र लिखकर मांग की है। जिस पर शाखा में कार्यरत कर्मचारियों ने मांग पत्र को आगे की कार्यवाही के लिए क्षेत्रीय दफ्तर भेजने की बात कही गई है। अरूण ने बताया कि ऊना हिमाचल स्टेशन पर प्रतिदिन वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई रेलगाडि?ों का ठहराव होता है।

# चिट्टा माफिया और अपराधियों पर नकेल कसने में सुक्खू सरकार पूरी तरह असफल : पंकज जम्वाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** जिला मंडी में लगातार बड़ रहे चिट्टे के कारोबार और अपराध की लगातार बड़ रही घटनाओं पर भाजपा प्रवक्ता पंकज जमवाल ने सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुऐ तीखा हमला बोला। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार हिमाचल में लगातार बड़ रहे चिट्टे जैसे भयंकर नशे के खिलाफ कोई भी ठोस कदम उठा पाने में असफल साबित हो रही है और दिन प्रतिदिन अनेकों युवा इसका शिकार हो रहे हैं तो कई अपनी जान से हाथ गवा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजनीतिक संरक्षण के कारण नशा माफिया देवभूमि में फलफूल रहा है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी व्यवस्था परिवर्तन का राग अलापने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि मनाली विंटर कार्निवाल में सरेआम एक युवा को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया और प्रदेश पुलिस मूक दर्शक बने देखती रही और सांस्कृतिक कार्यक्रम बिना रुके चलता रहा । यह निर्मम हत्या सरकार की असंवेदनशीलता को दशार्ती है और साथ ही प्रदेश की कानून व्यवस्था की खस्ता हालत का



काला चेहरा सामने लाती है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के खिलाफ आज आम जन मानस में भारी रोष व्याप्त है परंतु मुख्यमंत्री जनभावनाओं को दरकिनार कर सता के नशे में तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस सरकार ने कानून व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया और रिकार्ड स्तर पर अपराधिक मामलों में २वृद्धि हुई है और नशा , महिला उत्पीड? और हत्या जैसे मामले हिमाचल जैसे शांत प्रदेश में आम बात हो गई है। उन्होंने कहा की वर्तमान स्थिति में यदि प्रदेश के चुनाव हो जाए तो कांग्रेस पार्टी दहाई के आंकड़े को भी पार नहीं कर सकती। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नशा माफिया और अपराधियों के खिलाफ गंभीरता से कार्य करे अन्यथा जनता सडकों पर उतर कर सरकार को उसका असली चेहरा दिखाने के लिए मजबूर हो जाएगी।

# सिस्को संस्था ने चौपाल क्षेत्र की कार्यकारिणी का किया गठन

**गठन**

**अध्यक्ष पद का कार्यभार मिलने पर विभूति सैदोली ने खुशी जहीर की। संस्थापक का आभार प्रकट किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** सिस्को संस्था ने शिमला में चौपाल क्षेत्र में नई कार्यकारिणी का गठन किया है। संस्था के संस्थापक महेश सिंह ठाकुर ने विभूति सैदोली को अध्यक्ष नियुक्त किया है इसके अलावा रोहित शर्मा, सेजल सैदोली, सुमीर रपटा,अजय सौहटा को उपाध्यक्ष सिद्धार्थ चौहान, रोहित सिंटा, सनी रांटा को महासचिव तथा निखिल छींटा, अंजलि, निखिल चिंता, आयुष दस्ता, शबनम चौहान, साहिल शर्मा, निखिल सुच्चा, सक्षम नेगी, रुद्राक्ष वर्मा, अरमान भरोटा, आयुष शर्मा, सनी साजटा को सचिव नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष पद का कार्यभार मिलने पर विभूति सैदोली ने खुशी जहीर की। उन्होने बताया कि सिस्को संस्था की ओर से किए जा रहे समाजिक कार्यों को आगे बढाने में चौपाल कार्यकारिणी भी अपना अहम योगदान देगी। उन्होने संस्था के संस्थापक महेश सिंह ठाकुर का आभर प्रकट किया। वहीं महेश ठाकुर ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी। उन्होने बताया कि सिस्को संस्था ने शिमला के बाद के चौपाल में भी कार्यकारिणी का गठन किया है। उन्होने बताया कि सिस्को संस्था हिमाचल प्रदेश में पिछ्ले 15 वर्षों से समाजिक,संस्कृतिक, खेल गतिविधियों, रक्तदान शिविर तथा स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्य करती रहती है जिसका उदेश्य समाज में एकता का संदेश देना है। उन्होने युवाओं से आग्रह किया कि नशे जैसी बुराई को छोड युवा खेल-कूद एवं अन्य समाजिक कार्य में अपना योगदान दें ताकि हमारे समाज में नशे जैसी बुराई खत्म हो सके।

# सिरमौर की दो पंचायत ने मोटरसाइकिल, स्कूटर व स्कूटी पर की रेत और सीमेंट की ढुलाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन:** बिहार में चारा घोटाले में और शिमला में सेब ढुलाई के लिए दो पहिया वाहनों के प्रयोग के बाद अब जिला सिरमौर की विकास खंड संगड़ाह की ग्राम पंचायत रेडली और दानाघाटों में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जहां दोनों पंचायत ने निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली रेत , बजरी, क्रेशर और सीमेंट की ढुलाई का कार्य न केवल एक ही वेंडर को दिया, बल्कि रेत, बजरी, सीमेंट और क्रेशर की ढुलाई भी मोटरसाइकिल स्कूटर और स्कूटी के माध्यम से की गई। आरटीआई के तहत ली गई सूचना के बाद ग्राम पंचायत रेडली के कृष्ण दत्त ने खुलासा किया है कि संगड़ाह विकासखंड की ग्राम पंचायत रेडली और दाना घाटों में लाखों रुपए की निर्माण सामग्री की ढुलाई दो पहिया वाहनों की मार्फत की गई है।



आईटीआई की सूचना के मुताबिक ग्राम पंचायत में न केवल दो पहिया वाहनों से निर्माण सामग्री की ढुलाई की गई , बल्कि इस ढुलाई का कार्य भी एक ही वेंडर अथवा कंपनी को दिया गया है। जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कृष्ण दत्त ने बताया कि ग्राम पंचायत दाना घाटों और रेडली में जो निर्माण सामग्री की ढुलाई की गई है उसमें दो पहिया वाहनों के अलावा मारुति कार, मैक्स पिकअप और जेसीबी के नंबर सामने आए हैं। यही नहीं रेत , बजरी और क्रशर में फर्जी बिलों के साथ-साथ फर्जी एम फार्म भी दर्शाए गए हैं, जिससे दोनों ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए की धनराशि का गबन किया गया है। आईटीआई की सूचना के मुताबिक पंचायत में जो बिल सबमिट किए हुए हैं उनमें जो वाहनों के नंबर दिए गए हैं। जब इसकी सूचना परिवहन विभाग और एसडीएम कार्यालय से आरटीआई के तहत ली गई तो इनमें अधिकतर दो पहिया वाहन सामने आए हैं। जो नंबर बिलों में दर्शाए गए हैं वह नंबर दो पहिया वाहनों के है , जिसमें टीवीएस स्कूटर , स्कूटी और मोटरसाइकिल आदि शामिल है।

इसके अलावा मारुति कार, जेसीबी मशीन और मैक्स पिकअप से भी रेत बजरी और क्रेशर की ढुलाई की गई है कृष्ण दत्त ने बताया कि पंचायत में किए गए इस गड़बड़ झाले की विस्तृत रिपोर्ट राज्य सतर्कता ब्यूरो को दी गई है। विजिलेंस को दी गई शिकायत में कृष्ण दत्त ने बताया कि दोनों ही ग्राम पंचायत में न केवल निर्माण कार्यों में धांधली की गई है , बल्कि ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की बैठकों में भी रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर सामने आए हैं। इसकी सूचना आरटीआई की मार्फत ली गई है जिसमें उपरोक्त खुलासा हुआ है।

कृष्ण दत्त ने बताया कि जब उन्होंने आरटीआई के तहत सूचना ली तो उन पर अधिकारियों द्वारा और ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा दबाव डाला गया। यही नहीं उनके खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला भी दर्ज करवाया गया। कृष्ण दत्त ने हिमाचल प्रदेश सरकार और विजिलेंस से मांग की है कि उपरोक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# बेड़ेवाला गांव में नशे के कारोबार से परेशान महिलाओं ने प्रशासन से सख्त कदम की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सिरमौर जिले की ग्राम पंचायत अमरकोट के बेड़े वाला गांव में नशे के कारोबार के कारण स्थानीय महिलाओं की समस्याएं बढ़ गई हैं। महिलाएं लगातार इस समस्या को लेकर अधिकारियों से मदद की गुहार लगा रही हैं, लेकिन नशे का कारोबार अब भी गांव में धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि नशे के कारण उनके परिवारों में टूट-फूट और हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। महिलाएं चाहती हैं कि प्रशासन



तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे ताकि उनके परिवारों को इस बुराई से राहत मिल सके

# मंडी में डॉ.(कर्नल) धनी राम शांडिल करेंगे ध्वजारोहण

## ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे और भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे

**कार्यक्रम**

**▶▶ गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाला मार्च पास्ट समारोह का मुख्य आकर्षण होगा।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** मंडी में आयोजित होने वाले 76वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय और अधिकारिता एवं सैनिक कल्याण मंत्री डॉ.(कर्नल) धनी राम शांडिल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम का आयोजन सेरी मंच मंडी पर होगा। इस अवसर पर भव्य मार्चपास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि 26 जनवरी को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ठीक प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण करने के साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे और भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इससे पहले मुख्य अतिथि शहीद स्मारक पर वीर जवानों को श्रद्धांजलि देंगे तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि परेड में पुलिस, होमगार्ड और डिग्री कॉलेज मंडी और जिला मुख्यालय के विभिन्न स्कूल के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय विद्यालय मंडी की छात्राओं द्वारा देशभक्ति के भाव से भरपूर आनंददात्मक और कलात्मक योगासन प्रस्तुत किए जाएंगे। छात्राओं द्वारा योगासन से शक्ति से शरीर, मन बुद्धि व आध्यात्मिक सीमाओं की संभावनाओं को बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा।

विविधतापूर्ण होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम उपायुक्त ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में जहां सरस्वती विद्या मन्दिर और इंडस ग्लोबल स्कूल जहां देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत करेंगे वहीं रावमापा मंडी (छात्र) के विद्यार्थी के पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल, नगाड़ा, करनाल, नसिंगा, घुंघरू, खंजरी, झांझ और डोरू के साथ जुगलबंदी करेंगे। भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी द्वारा प्रायोजित अमर युवक मंडल खुनागी बगसैड का दल और रावमापा मंडी की छात्राएं नाटी प्रस्तुत करेंगी। उपायुक्त ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर मंडी को नशा मुक्त बनाने का संदेश देने के लिए कार्यक्रम में नर्सिंग स्कूल मंडी की छात्राओं द्वारा नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। नाटक के माध्यम से बताया जाएगा कि समाज, शिक्षक और अभिभावक किस तरह मंडी को नशा मुक्त बना सकते हैं और बच्चों को नशे से दूर रख सकते हैं। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाला मार्च पास्ट समारोह का मुख्य आकर्षण होगा। परेड में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी की टुकडि?ां शामिल रहेंगी। मार्च पास्ट की तैयारियां पड्डल मैदान में की जा रही हैं।

# मासू व बोशाधार निगना गांवों के लिए विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत होगा सडक निर्माण: शौरी

**प्राथमिकता**

**▶▶ अप्पर त्रैहन, मासू, बोशाधार व नींगना सडक को विधायक प्राथमिकता में शामिल किया जाएगा।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अभी भी दूर-दराज के कम आबादी वाले बहुत से गांव सडक सुविधा की राह देख रहे हैं। विधायक प्राथमिकता, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना जैसी बड़ी योजनाओं से लगातार सडक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। वुधवार को मासू व बोशाधार निगना के ग्रामीण सडक की मांग को लेकर विधायक सुरेंद्र शौरी से मिले व विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत दोनों गांवों को सडक सुविधा देने की मांग की। विधायक सुरेंद्र शौरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि आगामी वित्त वर्ष में इन गांवों के लिए अप्पर त्रैहन, मासू, बोशाधार व नींगना सडक को विधायक प्राथमिकता में शामिल किया जाएगा। विधायक शौरी ने कहा है कि उनके कार्यकाल में विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत बंजार विधानसभा क्षेत्र में लाँघनी-छुआरा सडक का निर्माण किया गया है व नाहीं-घाट लाकचा, देउठा-टिंढा व जेष्ठा सडक योजनाएं निमार्णाधीन हैं जबकि विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत 6 सडक परियोजनाएं बजट स्वीकृति के लिए नाबार्ड पहुंच चुकी हैं।

विधायक शौरी के त्वरित संज्ञान के लिए स्थानीय ग्रामीणों राजकुमार, चमनलाल शर्मा , हीरा सिंह, चंद्र प्रकाश, प्रेम चंद, लाल चंद, खेम चंद, ठाकर दास, ओमनाथ इत्यादि ने विधायक का आभार जताया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रिपल आईटी ऊना को मिली भारतीय विश्वविद्यालय संघ की सदस्यता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** आईआईटी ऊना को भारतीय विश्वविद्यालय संघ की सदस्यता मिल गई है। यह जानकारी ट्रिपल आईटी ऊना के निदेशक प्रो. मनीष गौर ने दी। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से भारतीय विश्वविद्यालय संघ, एआईयू की सदस्यता मिल गई है। जोके संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय पहचान, शैक्षणिक और शोध क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते खोलेगी। इस सदस्यता के साथ ट्रिप आईआईटी ऊना एआईयू द्वारा आयोजित विभिन्न शैक्षणिक और शोध गतिविधियों जैसे शोध परियोजनाएं, क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर कार्यशालाएं, अन्वेषण - छात्र अनुसंधान सम्मेलन और उसका अंतरराष्ट्रीयकरण, कुलपति गोलमेज सम्मेलन ,डेटा संग्रह और डाटाबेस गतिविधियां, प्रकाशन, उन्नत तकनीक के उपयोग से उच्च शिक्षा में प्रशिक्षण आदि में सक्रिय रूप से भाग ले सकेगा। उन्होंने कहा एआयू ने भारतीय विश्वविद्यालय परिसरों में वैश्वीकरण को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उच्च शिक्षा अंतरराष्ट्रीयकरण नेटवर्क स्थापित किया है। इससे छात्रों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जुड? के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, युवा उत्सव, खेल आयोजन और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन करता है, जिससे छात्रों का समग्र विकास हो सके। छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग ले सकें। निदेशक प्रो. मनीष गौर ने कहा कि इस मंच का उपयोग उच्च शिक्षा और शोध में अपना योगदान बढ़ाने के लिए करेंगे।

### रक्कड़ कॉलोनी सडक हादसे में दो जख्मी, एक पीजीआई रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** जिला मुख्यालय के साथ लगते रक्कड़ कॉलोनी में पेश आए सडक हादसे में बाइक सवार दो युवक जख्मी हुए हैं। दोनों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, यहां से एक को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक विक्रांत निवासी जनकौर वीरवार रात्रि रक्कड़ कॉलोनी में दवाई लेने के बाद गाड़ी बैठकर घर निकलने लगा, तो इसी दौरान पीछे से आई एक बाइक टकरा गई। विक्रांत ने जब गाड़ी से नीचे उतरकर देखा, तो बाइक पर सवार दोनों जख्मी हालत में नीचे गिरे हुए हैं। दोनों युवकों की पहचान शुभम पुत्र श्री सुनील सैणी व दीपक पुत्र उमेश राये दोनों निवासी वार्ड नंबर, 4 नजदीक रेलवे फाटक पीरनिगाह रोड के रूप में हुई है। 108 व स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, यहां से दीपक को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर दीपक पर लापरवाही से वाहन चलाने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिरमौर में दो जगह अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**

जिला सिरमौर के पांवटा साहिब और शिलाई उपमंडलों में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। इन मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

माजरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने घर में अवैध शराब का धंधा कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने खारा, पांवटा साहिब निवासी दलीप सिंह (40) के घर पर छापेमारी की।

# नादौन में आईटीआई डिप्लोमाधारकों के साक्षात्कार 31 को

**हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया**

मोहाली की कंपनी स्वराज इंजिन्स लिमिटेड में अप्रेंटिस के 500 पदों को भरने के लिए 31 जनवरी को उप-रोजगार कार्यालय नादौन में सुबह 10:30 बजे साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।

**योग्यता और आयु सीमा**

जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी के पास बारहवीं पास होने के साथ-साथ टर्नर, मशीनिस्ट, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, फिटर, एमएमवी डिप्लोमा, इलेक्ट्रिशियन, वैल्डर, या पेंटर ट्रेड में से किसी एक में आईटीआई डिप्लोमा होना आवश्यक है।

# प्रांशी सोनी ने धार्मिक एकल नृत्य व गायन के साथ मंत्रोच्चार में झटका पहला स्थान

**प्रतियोगिताएं**

**▶▶ उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न वर्गों में गायन और नृत्य प्रतियोगिताएं करवाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बिलासपुर में चल रहे अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव 2025 में विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव की पहली व दूसरी सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न वर्गों में गायन और नृत्य प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें बच्चों ने एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दी। पहली संध्या में करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को दूसरी सांस्कृतिक संध्या में सम्मानित किया गया। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी आश्रित परिषद की प्रदेशाध्यक्ष प्रेमी देवी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी ललित पोसवाल विशेष अतिथि के रूप उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। आयोजन समिति द्वारा मुख्यातिथि और कार्यक्रम अध्यक्ष को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। जिसमें मंत्रोच्चारण प्रतियोगिता में प्रांशी सोनी विजेता रहीं, जबकि नव्या व अमोध क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। धार्मिक एकल नृत्य क वर्ग में प्रांशी सोनी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि नयना शर्मा द्वितीय स्थान पर रही। ख वर्ग में शांभवी ने पहला, अधिरा, शिवांगी व शिवांश ने दूसरा तथा तान्या व विधांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग वर्ग में अविका व अश्मिता क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। धार्मिक एकल गायन क वर्ग में प्रांशी सोनी व रुद्राक्ष प्रथम स्थान पर रहे। अमोध, नयना शर्मा व नव्या शर्मा ने दूसरा तथा अहान जसवाल व अव्यान ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

ख वर्ग में वर्मिका व ऋषभ ने प्रथम, वेदांशी व हार्दिक ने द्वितीय तथा आयुष, प्रियल व आयान गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग वर्ग में अनमोल प्रथम तथा स्वास्तिक, काव्या, दिव्यांशु व रुद्राक्ष द्वितीय रहे। घ वर्ग में गार्विक व रोहित भाटिया क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। वहीं, प्रथम संध्या की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में भारत भूषण चब्बा, अभिषेक डोगरा व जयराम शर्मा शामिल रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह में सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकारों द्वारा देखने को मिलेगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है । हर वर्ष की भांति इस बार भी गणतंत्र दिवस की परेड विजय चौक से शुरू होगी और लाल किले पर समाप्त होगी । इस परेड में हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की सांस्कृतिक झलक सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकारों द्वारा देखने को मिलेगी । यह 15 सदस्यीय लोकनृत्य दल लगभग एक माह से इस परेड हेतु नई दिल्ली में अभ्यास कर रहे हैं।



राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी की परेड हेतु ड्रेस रिहर्सल करते हुए सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकार

सूत्रधार कला संगम कुल्लू के इस 15 सदस्यीय दल में कार्यकारिणी सदस्य एवं कलाकार सनी के नेतृत्व में कुनाल कौशल, पवन, हिमांश दत्त, रोहित ठाकुर, गौरव, रजनीश ठाकुर, भास्कर शर्मा, कृष्णा देवी, द्रौपदी ठाकुर, करिश्मा ठाकुर, रीना, तारा देवी, ट्विंकल ठाकुर तथा तान्या शर्मा अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू का लोकनृत्य दल अभी हाल ही में हुए कुल्लू दशहरा 2024 की लोकनृत्य प्रतियोगिता का विजेता दल भी रहा हैं ।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों को किया सम्मानित

**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**

राष्ट्रीय बालिका दिवस और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सामाजिक अधिकारिता विभाग सिरमौर ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक नाहन अजय सोलंकी ने की। समारोह में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो बालिकाओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उन परिवारों को भी सम्मानित किया गया जिनके घर में पहली संतान बेटी के रूप में जन्मी है। कार्यक्रम में सुख-समृद्धि शिक्षा योजना के अंतर्गत उन बालिकाओं को पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए जिनके पिता का निधन हो चुका है।

# शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक : अनुपम कश्यप



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में गत दिवस को कौशल विकास भत्ता योजना से सम्बंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कौशल विकास भत्ता योजना के अंतर्गत सरस्वती कंप्यूटर सेंटर चौपाल को अधिकृत किया गया। उन्होंने कहा कि इस कंप्यूटर सेंटर में 160 छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति दी गयी है जिसमे 03 कोर्स के माध्यम से छात्र प्रशिक्षण लेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में योजना के अंतर्गत 41 केंद्रों को अनुमोदित किया गया है जहाँ पर छात्र विभिन्न कोर्स के माध्यम से अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है यदि कोई भी संस्थान नियमों के विरुद्ध कार्य कर रहा है तो कार्यवाही अमल में लाई जाए। इस संदर्भ में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी शिक्षण संस्थानों में औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

बैठक का संचालन क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी सीमा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिटिया फाउंडेशन ने धराड़सानी में मनाया बालिका दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** गोविंद सागर झील के उस पार बिटिया फाउंडेशन संस्था ने राजकीय माध्यमिक स्कूल धराड़सानी स्कूल में मनाया बालिका दिवस बिटिया फाउंडेशन की अध्यक्षता सीमा सांख्यान ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को बड़ी धूमधाम से



मनाया जाता है। बालिका दिवस महिला बाल दिवस मंत्रालय द्वारा 2008 मनाया गया। यह दिवस बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। बिटिया फाउंडेशन संस्था की तरफ से बच्चों को तोहफे और मिठाइयां भी बांटी गई। बिटिया फाउंडेशन की राज्य सचिव कंचन चंदेल और राज्य उपाध्यक्ष रीना शामिल रहे।

# यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम के सीजन-5 का रिकांगपिओ में युवा कांग्रेस किन्नौर ने किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल**

**किन्नौर:** किन्नौर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने युवा कांग्रेस के देशभर में चल रहे यंग इंडियाके बोल कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का सीज? -5 का जिला किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ में शुक्रवार को शुभारम्भ किया है ।इस दौरान बतौर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष चंद्र प्रभाकर व पूर्व उपाध्यक्ष किरण पांगटू मौके पर मौजूद रहे है। किन्नौर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि देशभर में राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा यंग इंडिया के बोल प्रतियोगिता के तहत युवाओं को एक बड़ा मंच दिया है ।जिसमें युवाओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर अपने वक्तव्य



को पैश कर सकते है ।इस प्रक्रिया में 250 रुपए फीस भी रखी गयी है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी यह प्रतियोगिता कुछ वर्ष पूर्व आयोजित किया गया था।

जिसका परिणाम बेहतर रहा। जिसके मद्देनजर एक बार फिर इस प्रतियोगिता को मैदान में युवाओं के लिए उतारा गया है। अजय ठाकुर ने कहा कि यंग इंडिया बोल प्रतियोगिता में जो भी युवा प्रथम स्थान हासिल करता है उसे 50 हजार रुपए का इनाम व प्रवक्ता के रूप में नियमों अनुसार राष्ट्रीय,प्रदेश स्तर व जिला स्तर पर मौका मिलेगा ।वहीं द्वितीय स्थान को 40 व तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले युवाओ को 25 हजार का इनाम व युवा कांग्रेस संगठन में नियमों अनुसार प्रवक्ता के रूप में काम करने का मौका मिलेगा ।इसके अलावा अन्य प्रतिभागियो को भी नियमों अनुसार सम्मानित किया जाएगा। अजय ठाकुर ने कहा कि जिला किन्नौर से भी चार लोगों ने अबतक इस प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। और उन्होंने जिला के अन्य युवाओं से भी यंग इंडिया बोल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका व युवा कांग्रेस संगठन में काम करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता को जिला के अंदर भी जोरो शोरो से शुभारम्भ किया है और जल्द ही इस प्रक्रिया में हजारों युवा भाग लेंगे ऐसी उन्हें उम्मीद है। इस दौरान किन्नौर युवा कांग्रेस की जिला महासचिव कुमारी कंचन कटोच,पूह ब्लॉक उपाध्यक्ष पुनय कीर्ति,दीपक ,सोशल मिडिया प्रभारी रवि पांगटा ,तथा करण आदि मौके पर उपस्थिति रहे।

Z-28016/59/2024-PMSSY-IV(8300536)
Government of India
Ministry of Health & Family Welfare
(PMSSY Division)

Room No. 201-D, Nirman Bhawan, New Delhi-110011

**ADVERTISEMENT FOR THE POST OF EXECUTIVE DIRECTOR, AIIMS RAJKOT**

Ministry of Health & Family Welfare (PMSSY Division) invites applications from eligible candidates for filling up the post of Executive Director on deputation/short term contract/contract basis in the Level 15: Rs. 182200-224100/- in the Pay Matrix (as per 7th CPC) in All India institute of Medical Sciences (AIIMS) Rajkot.

For further details, please visit Ministry's Website and Division's Website at https://main.mohfw.gov.in & https://pmssy.mohfw.gov.in

Detailed advertisement will be published in the Employment News. The closing date of receipt of application will be the 45th day from the date of publication of advertisement in Employment News.

(Dinesh Kumar)
Joint Director
Tel:- 011- 23061730

**CBC-17101/11/0018/2425**

O/othe Joint Director Animal Husbandry, PalampurDistt. Kangra H.P. -176061

No. AHY/KGR/Z-(F)-06/2023-SS (RGM)-377 Dated Palampur 22.01.2025.

**e-ProcurementNotice**
**INVITATIONFORBIDS (IFB)**

The Joint Director Animal Husbandry Palampur Distt. Kangra HP-176061onbehalfofGovt.OfH.P.invites the bids for the purchase & successful installation of 6000 liters liquid nitrogen silo pit at Sperm Station, Palampur and purchase of bulk storage containers, as per detail mentioned below, to be supplied at sperm station, Palampuras **per specification contained in Schedule "C".**

**Detail of items/equipments to be purchased**

| Sr. No. | Name of Item | Capacity | Quantity Required | Remarks if any |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Silo Pit | 6000 Litre Capacity LN2 Container (Vertical) | 1 No. | For detailed specifications please see schedule "C" |
| 2. | Bulk FS Storage Container | 320 Litre | 1 No. | -do- |
| 3. | -do- | 550 Litre | 4 No. | -do- |
| 4. | Bulk FS Storage Container with Freezing Grills | 320 Litre | 1 No. | -do- |

1. **Availabilityofbiddocument andmodeofsubmission:** The Bid documentis availableonlineandbidshouldbesubmittedinonlinemodeonwebsitehttps://hptenders.gov.in

2. **KeyDates:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | DateofOnlinePublication | **22nd January 2025,on05:00PM** |
| 2 | DocumentDownloadStartDate | **22nd January 2025,on05:00PM** |
| 3 | Closingoftender | **14th February, 2025(10:00 AM)** |
| 4 | PhysicalsubmissionofEMD,CostofTender& other document of Technicalbid | **14th February, 2025(10:30AM)** |
| 5 | DateofopeningofTechnicalBid | **14th February, 2025(11:00 AM)** |
| 6 | TechnicalBidfollowedbyOpeningof FinancialBid | **WillbenotifiedafterfinalizationofTechnicalscrutiny.** |

3. **TenderDetails:**
TheTenderDocumentsshallbeuploadedonlinein2parts:-
i) Part.1:- shall contain scanned copies of all "TechnicalDocuments/Eligibility Information".
ii) Part.2:- shallcontain"BillsofQuantity(BOQ)/FinancialBid"where contractorwillquotehis/heroffer.

4. **SUBMISSIONOFORIGINALDOCUMENTS:** - Thebiddersarerequiredtosubmitoriginalaccountpayeebankdraftspayableat Palampurtowardsthecostofbiddocument andEarnest Money Deposit(EMD) in theO/oThe Joint Director Animal Husbandry Palampur Distt. Kangra H.P -176061 alongwithotherdocuments as specified in key dates at Sr. No. 2, failing which the bids will bedeclarednon-responsive.

5. **Incaseof any clarification:** - Please contact: 01894-230529 (10:00 AM to 5:00 PM).

**Joint Director**
**Animal Husbandry Palampur**
**Distt. Kangra H.P -176061**
**RO No. 4760/2024-2025**

# 26 जनवरी को एसडी कॉलेज में अनिल विज करेंगे ध्वजारोहण



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अतिरिक्त उपायुक्त** डा0 ब्रहमजीत ने एस.डी. कालेज अम्बाला छावनी में फुलड्रेस रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न टुकडियों के प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फाईनल अवलोकन किया इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त ने कालेज परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। अतिरिक्त उपायुक्त डा0 ब्रहमजीत ने बताया कि 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले समारोह की अधिकतर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्च पास्ट का आज फाईनल फुल ड्रैस अभ्यास एस.डी. कालेज अम्बाला छावनी में किया गया। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता सैनानियों, युद्ध वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों, आपातकालीन पीड़ित व हिन्दी आंदोलन के सत्याग्रहियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की कमांड डीएसपी विजय कुमार कर रहे हैं। फाईनल रिहर्सल में जिला पुलिस की टुकड़ी पीएसआई अजय कुमार के नेतृत्व में, जिला पुलिस महिला की टुकड़ी में पीएसआई श्रीमती दविन्द्र कौर के नेतृत्व में, राजकीय रेलवे पुलिस पुरूष की टुकडी में एएसआई अजय कुमार के नेतृत्व में, गृहरक्षी की टुकड़ी ने एसआई कपिल शर्मा के नेतृत्व में, एनसीसी लडकों की टुकड़ी का नेतृत्व कमांडर पवन के नेतृत्व में, एनसीसी गर्ल्ज की टुकड़ी ने कमांडर सोनम, स्काउटस एंड गाईड की टुकडी ने कमांडर पवन के नेतृत्व में, प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी ने कमांडर नमन के नेतृत्व में तथा पुलिस डीएवी स्कूल अम्बाला शहर के बैंड ने मार्चपास्ट किया।

कार्यक्रमों के तहत सोहन लाल डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा योगा पर आधारित सूर्य नमस्कार, गुरूकुल चमन वाटिका के विद्यार्थियों द्वारा थीम बेस्ड जय हो, सैंट जोसफ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा थीम बेस्ड ड्रग्स के मानव जीवन पर प्रभाव की प्रस्तुति, एमएम यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य दूनिया में हो गया म्हारे हरियाणे का, केपीएके महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी डांस आयो रे शुभ दिन आयो रे, ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा खेलों पर आधारित डांस खेलों में म्हारा हरियाणा की प्रस्तुति, एसवीएस बाल भारती के विद्यार्थियों द्वारा पंजाबी भंगड़ा मेरा देश मेरे दिलदारां दा की बेहतर प्रस्तुति दी गई। तथा मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन की भूमिका ज्योति रानी ने बखूबी निभाई। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा देने वाले नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडियों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा।

# विधायक कृष्णा गहलावत ने अकबरपुर बारोटा में बारात घर निर्माण की मांग को किया स्वीकार

**प्रमुख मांग**

**अकबरपुर बारोटा के ग्रामीणों ने सरपंच संजय चौहान के नेतृत्व में गांव की प्रमुख मांगें प्रस्तुत की**



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। राई हलके के** गांव अकबरपुर बारोटा के ग्रामीण शुक्रवार की सुबह राई विधायक कृष्णा गहलावत कार्यालय में पहुंचकर गांव में बारात घर के निर्माण की मांग की, जिसे विधायक कृष्णा गहलावत ने मौके पर ही स्वीकार करते हुए मांग पूर्ण करवाने का भरोसा दिया। अकबरपुर बारोटा के ग्रामीणों ने सरपंच संजय चौहान के नेतृत्व में गांव की प्रमुख मांगें प्रस्तुत की। विधायक गहलावत ने सभी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बारोटा उनका अपना गांव है, जिससे उन्हें बेहद लगाव है। गांव में बारात घर का निर्माण समयबद्धता के साथ करवाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि बारोटा गांव में कोई भी समस्या शेष नहीं रहने दी जाएगी। हर समस्या को दूर करवायेंगे और गांव तथा ग्रामीणों की हर मांग को पूरा करवाया जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने दिल्ली के आम चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली में भाजपा ही जीत दर्ज करेगी। लोगों को भाजपा से ही आस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजधानी दिल्ली में भी अबकी बार भाजपा सत्ता में आयेगी। भाजपा के सत्ता में आने के बाद दिल्ली के विकास को मजबूती दी जाएगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे भाजपा को वोट देकर दिल्ली के साथ अपने हितों को सुरक्षित करें। इस अवसर पर संजय चौहान, राजेश दहिया, सुरेंद्र उर्फ काला, नरेंद्र, दीपक आंतिल, कृष्ण, राजेश, छोटू, पं. प्रमोद, मनोज, सुमित, जगजीत आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कॉलेज छात्राओं को सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । सड़क सुरक्षा** माह के तहत पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज महेंद्रगढ़ के छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम बताए, साथ साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा सहित अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। एसआई मनीषा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यों, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। पुलिस टीम ने छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता से साइबर क्राइम की रोकथाम संभव है। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और cybercrime.gov.inपर अपनी शिकायत दर्ज कराएं अथवा अपने सबंधित थाना में अपनी शिकायत दें।इसके साथ ही छात्राओं को डायल 112 के ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी। छात्राएं/महिलाएं डायल 112 पर कॉल कर ट्रिप मॉनिटरिंग का लाभ उठा सकती हैं और अपने सफर को सुरक्षित बना सकती हैं। सफर के दौरान पुलिस की टीम द्वारा महिला को तब तक ट्रैक किया जाता रहेगा, जब तक महिला अपने गंतव्य तक सुरक्षित नहीं पहुंच जाती।

# मोतीलाल नेहरु खेलकूद विद्यालय का 52वां वार्षिकोत्सव मनाया



**राई। मोतीलाल नेहरू** खेलकूद विद्यालय राई सोनीपत में 52 में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि खेल मंत्री गौरव गौतम, विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार कुलपति खेल विश्वविद्यालय हरियाणा मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों को पुष्प गुच्छ घुड़सवारों के स्टैंडिंग सेल्यूट से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं निदेशिका मौशुमी घोषाल के द्वारा विद्यालय के वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति की गई। छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल से संबंधित उत्कृष्ट प्रदर्शन किए गए। विद्यालय के छात्रों के द्वारा मेरा वतन शीर्षक गीत की प्रस्तुति के साथ ही घुड़सवारी, योग, जिमनास्टिक, बैंड और नृत्य आदि की भाव एवं मनोहारी प्रस्तुति की गई। खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कमला नेहरू विद्यालय में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु इंद्र सदन को और मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु इंद्र सदन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सदन अध्यक्षों को ट्रॉफी प्रदान की गई। राज्यपाल पदक सूर्य सदन के हिना को प्रदान किया गया। सांस्कृतिक गतिविधि की ट्रॉफी इंद्र और सूर्य सदन को संयुक्त रूप से दी गई दी गई। खेल मंत्री ने कहा की हरियाणा खेलों से जाना जाता है,हरियाणा का नाम आते ही दुनिया के सामने खिलाडियों के चित्र घुमने लगते हैं। खेल मंत्री ने कहा की देश के सभी राज्य हरियाणा की खेल निति का अध्ययन कर रहे है। खेल मंत्री के अनुसार उन्हें खेल स्कूल राई में आने पर गौरव की अनुभूति होती है। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार कुलपति हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय ने भविष्य की रूप रेखा पर प्रकाश डालते हुए सुपर 100 के विज़न के बारे में बताया! उन्होंने कहा कि वे निकट भविष्य में सुपर 100 यानि की 100 मेधावी खिलाडी और 100 मेधावी छात्रों की टीम पर काम करेंगे और प्रदेश को नए ओलिम्पंस और डॉक्टर्स इसी स्कूल से मिलेंगे।

# गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में एसडीएम ने फहराया तिरंगा



**गन्नौर। गणतंत्र दिवस** समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में एसडीएम मनीष फोगाट ने नई अनाजमंडी में बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराया। फौगाट ने बताया कि गन्नौर के विधायक देवेन्द्र कादियान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर ध्वजारोहण करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। इस अवसर पर एसीपी मलकीत सिंह, तहसीलदार सुमनलता, प्रिंसीपल सुरजीत खोखर, प्रिंसिपल अनिल शर्मा, अध्यापिका मीना, शारदा, नीरज,मीनू व अध्यापक बिजेन्द्र ने तैयारियों में अहम योगदान दिया।

# आकाश उर्फ वाशु गोली मारकर युवक की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत जिले की** क्राईम यूनिट वेस्ट सीआईए 1 की पुलिस टीम ने गोली मारकर युवक की हत्या करने की घटना में संलिप्त सांतवे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश उर्फ वाशु पुत्र निवासी बारोना जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 16 सितंबर को एक महिला निवासी बारोना जिला सोनीपत ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी की दिनाँक 16 सितंबर समय 7 मेरा लडका ब्रजेश बाहर गली में गया हुआ था जो रवि उर्फ लम्बा, संदीप, सोनू, संदीप , मामन व सरदार का लड़का अपनी दो मोटरसाईकिलो पर आए और उन्होने ब्रजेश को घेर लिया और सभी हमलावरों ने मिलकर ब्रजेश पर अंधा धूंध गोलिया चला दी। गोलिया लगने के कारण ब्रजेश की गली में मौके पर ही मौत हो गई। ब्रजेश के पास में एक मोबाईल फोन भी पड़ा हुआ मिला। जिसके बारे में मुझे नही पता है। जो रवि, संदीप सोनू, संदीप, मामन, पोली, सरदार का लड़का सभी निवासी बारोना व गोला निवासी लाडपुर ने मेरे बेटे ब्रिजेश की हत्या की है।

# रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का लगाया आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। स्थानीय रेलवे** स्टेशन पर अमृत योजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य में दैनिक रेलयात्री महासंघ ने ठेकेदार पर घटिया साम्रगी का प्रयोग करने के आरोप लगाए हैं। रेलयात्री महासंघ का कहना है कि निर्माण कार्य में तीन नंबर की ईंट का प्रयोग किया जा रहा हैं। क्रेसर घटिया क्वालिटी का हैं। इसके अलावा सीमेंट का भी कम प्रयोग किया जा रहा हैं। वहीं निर्माण कार्य में प्रयोग किया जा रहे सरिया भी अच्छी कंपनी नहीं हैं। बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने का निर्णय लिया था। अमृत योजना के तहत बीकानेर मंडल के 15 रेलवे स्टेशन पर विभिन्न निर्माण किए जा रहे हैं। वहीं महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा महेंद्रगढ, भिवानी, चरखी दादरी व नारनौल रेलवे स्टेशन को भी इस योजना में शामिल किया गया हैं। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के लिए 16 करोड 59 लाख रुपये की लागत से रेलवे स्टेशन पर 60 प्रतिशत कार्य हो चुका हैं। रेलवे स्टेशन पर चरणबद्ध तरीकों से इन कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। प्रथम चरण में छह करोड़ 51 लाख रुपये की लागत के कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों में सकुर्लेटिंग क्षेत्र में यातायात संचालन में सुधार और हरित पट्टी विकसित करना तथा समर्पित पार्किंग स्थान के साथ सकुर्लेटिंग क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, स्टेशन भवन के अग्रभाग में सुधार और प्रकाश व्यवस्था के उन्नयन कार्य, वीआईपी कमरे और नए शौचालय ब्लॉक का प्रावधान, आधुनिक फिटिंग के साथ मौजूदा शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण, प्लेटफॉर्म शेल्टर का प्रावधान और मौजूदा प्लेटफॉर्म शेल्टरों की जीआई शीट का प्रतिस्थापन, मौजूदा स्टेशन भवन का नवीनीकरण, सौंदर्य की दृष्टि से बेहतर चारदीवारी के साथ अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार का प्रावधान आदि कार्य शामिल हैं। स्टेशन भवन में पोर्च का प्रावधान हैं।

**रेलयात्री महासंघ ने लगाए यह आरोप:** दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा का कहना है कि वर्ष 1942 में रेलवे स्टेशन के भवन का निर्माण किया गया था। इसके बाद वर्ष 2015 में रेलवे स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन का दर्जा मिला था। वर्ष 2018 में रेलवे स्टेशन के भवन का निर्माण किया गया था। उस समय भी भवन के अनियमितता बरती गई थी। एक वर्ष में ही भवन का प्लास्टर गिरना शुरू हो गए था। वहीं रेलवे स्टेशन पर लगाए गए टीनशेड़ में आज भी गिरता हैं।

अब अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्य में ठेकेदार की ओर से फिर से अनियमितता बरती जा रहीं हैं। इसमें विभाग के अधिकारियों की भी मिलीभगत हैं। सरकार को निर्माण कार्य की जांच करानी चाहिए।

# रोजगार कार्यालय में लगा रोजगार मेला, 85 को मिला ऑफर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। रोजगार कार्यालय** की तरफ से महेंद्रगढ़ में रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसमें दो बड़ी कंपनियां शामिल हुई। रोजगार मेले में महेंद्रगढ़ कार्यालय में पंजीकृत लगभग 150 बेरोजगार युवक व युवतियों ने भाग लिया। जॉब मेले का शुभारंभ सहायक रोजगार अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान कंपनियों के अधिकारियों ने साक्षात्कार के बाद 85 बेरोजगारों का चयन किया। अब 31 जनवरी को नारनौल स्थित रोजगार कार्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिलेभर से रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगार भाग ले सकेंगे।

जॉब मेले का शुभारंभ करते हुए सहायक रोजगार अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि अच्छी जॉब ढूंढ रहे बेरोजगारों को जॉब मेले में नौकरी के अच्छे अवसर मिलते हैं। यहां वो सीधे इंटरव्यू प्रक्रिया में शामिल होकर अपनी योग्यतानुसार अच्छे से अच्छे लेवल की जॉब ले सकते हैं। रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न नौकरी के अवसर प्रदान करना है। यह आयोजन युवाओं के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां वे सीधे नियोक्ताओं से मिल सकते हैं, अपनी योग्यता और कौशल का प्रदर्शन कर अच्छी नौकरी के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

**पंजीकृत**

**यूनिवर्सिटी योग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर खेलो इंडिया गेम्स के लिए क्वालीफाई किया**

लगभग 150 बेरोजगारों ने लिया भाग, 85 का हुआ चयन

रोजगार मेला इंचार्ज मुकेश कुमार यादव ने बताया कि मेले में पुखराज हैल्थ केयर व इंटर एजुकेशन कंप्यूटर नामक कंपनियां रोजगार कार्यायल में पंजीकृत बेरोजगार उम्मीदवारों का चयन करने पहुंची। सुबह 9 से शाम 2 बजे तक चले जॉब मेले में कंपनियों से पहुंचे अधिकारी राहुल, विशाल, दीपक व उनके साथ पहुंचे अन्य कंपनियों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने लगभग 150 बेरोजगारों का साक्षात्कार लिया व उनके जरूरी दस्तावेजों की जांच करते हुए 85 बेरोजगारों का चयन किया जिनमें 15 पुखराज तथा 70 इंटर एजुकेशन कंप्यूटर कंपनी ने किए। जॉब मेले में 12वीं कक्षा से जेकर स्नातकोत्तर की योग्यता रखने वाले बेरोजगारों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर रीतु यादव, राकेश कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से विद्यार्थियों को अवगत कराना नैतिक जिम्मेदारी: डॉ. सोनिका



**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबाला: राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पंजोखरा साहब, अंबाला में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए विद्यालय में कार्यरत हिंदी लेक्चरर डॉ. सोनिका ने बताया कि आज आठवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों और स्काउट्स एंड गाइड्स ने महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी ने महान स्वतंत्रता सेनानी के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। विद्यार्थियों ने अपने भावों को भाषण, कविता, निबंध और ड्राइंग के माध्यम से अभिव्यक्त किया। नेताजी के जीवन और आदर्शों को समर्पित कविताएं प्रस्तुत कीं। उनकी रचनाओं में नेताजी के नारे "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा" की गूंज सुनाई दी। डॉ. सोनिका ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नेताजी के देशप्रेम, साहस, बलिदान, आजादी के प्रति उनके समर्पण और संघर्ष से परिचित कराना और विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का संचार करना था।

# दिल्ली को मिलेगी केजरीवाल और आपदा से मुक्तिः असीम





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अम्बाला शहर** में विकास का पहिया तेज गति के साथ घुमने लगा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी अम्बाला शहर को करोड़ों की सौगात मिली। बता दें कि पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने शुक्रवार को शहर के अलग अलग हिस्सों में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों का शिलान्यास पूर्व राज्य मंत्री उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं की मौजूदगी में कन्यायों से करवाया। जानकारी देते हुए पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने बताया कि शहर के लगभग 8 वार्डों में जिन कार्यों की घोषणा चुनाव से पहले की गई थी ऐसे 6 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का शिलान्यास किया गया है। गोयल ने बताया कि इन कार्यों के निर्माण को लेकर कॉन्ट्रैक्टरों को भी निर्देश दिए गये हैं कि कार्य तय समय सीमा में और बेहतरीन क्वालिटी से किए जाने चाहिए ताकि जनता को सुविधा मिल सके। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास की बयार यूंही बहती रहेगी। इस दौरान अम्बाला शहर के बलदेव नगर में स्थित सरकारी स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए बनने वाले विशेष हॉल का भी शिलान्यास किया गया। शुक्रवार को पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल द्वारा वार्ड 6, वार्ड 11, वार्ड 13, वार्ड 14, वार्ड 16, वार्ड 18 व वार्ड 20 में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा,सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा,मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह,मंडल अध्यक्ष मनीष आंनद,मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह, पूर्व मेयर रमेश मल, सहित अन्य मौजूद रहे।

## संपादकीय

# दिल्ली में अबकी बनेगी 'रेबड़ी सरकार'

**आगामी 5 फर**वरी 2015 को देश की राजधानी दिल्ली में चाहे जिस दल की सरकार बने ,लेकिन उसे आपको 'रेबड़ी सरकार ' ही कहना और मानना पडेगा,क्योंकि इस बार सरकार बनाने के लिए सभी प्रमुख राजनितिक दलों के बीच मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की रेबड़ियाँ बांटने की होड़ लगी है। पहली बार है की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को सत्ताच्युत करने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने बराबरी से कमर कसी हुई है। सभी दल किश्तों में फ्रीबीज यानि मुफ्त की रेबड़ियाँ बांटने की घोषणाएं करने में लगे हैं। दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है । दिल्ली सीमावर्ती राज्य भी नहीं है । दिल्ली केंद्र शासित क्षेत्र ह। लेकिन विसंगति ये है कि केंद्र सरकार का दिल्ली में शासन नहीं है । यहां की स्थानीय सरकार आम आदमी पार्टी की है और आज से नहीं पिछले एक दशक से है। और तब है, जब से देश में महाबली प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का राज है। मोदी जी और उनकी चतुरंगनी सेना पिछले दो विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी से पार नहीं पा सकी। भाजपा को दोनों ही चुनावों में पराजय का समाना करना पड़ा ,लेकिन अब लगता है कि भाजपा हार मानने वाली नहीं है । जीत का फामूर्ला भाजपा के हाथ लाग चुका है। भाजपा इस बार दिल्ली जीतने के लिए साम,दाम,दंड और भेद के अलावा मतदाताओं का दिल जीतने के लिए मुफ्त की रेबड़ियाँ भी दोनों हाथ से बांटने के ऐलान कर है। भाजपा की रेबड़ियाँका आकार इस बार आम आदमी पार्टी की रेबड़ियाँ से बड़ा है। रेबड़ी अक्सर गुड़ और तिल से बनती है। सियासी रेबड़ियाँ में मिठास बढ़ाने के लिए सभी राजनीतिक दल ज्यादा से ज्यादा गुड़ डालने की कोशिश करते है। कुछ दलों ने तो गुड़ के साथ शक्कर और मावा भी मिलाने की कोशिश की है। रेबड़ी का इतिहास मुझे नहीं मालूम लेकिन मै इतना जानता हूँ कि ये सनातनकाल से बनती जाती है। आकार में छोटी होती हैं,बांटने में आसान होती हैं। किफायती होती हैं ,इसलिए हर कोई इन्हें बांटना पसंद करता है। रेबड़ी प्रसाद के रूप में मंदिरों में चढ़ाई जाती है और तबरुक के रूप में मजारों पर भी चढ़ाई जाती है। इसलिए रेबड़ी धर्मनिरपेक्ष मिष्ठान की श्रेणी में आती है। सियासत में रेबड़ी का प्रचलन शायद इसकी इन्हीं खूबियों की वजह से शुरू हुआ । इसका आगाज शायद कांग्रेस ने ही किया था। अब हर राजनीतक दल रेबड़ी का इस्तेमाल करता ह। रेबड़ियाँ मतदाताओं को बांटी जाती है। कभी बहनों को तो कभी बुजुर्गों को । कभी लाड़ली लक्ष्मियों को तो कभी नौजवानों को। मतदाताओं के हर वर्ग के लिए अलग-अलग आकर की रेबड़ियाँ बांटी और बनाई जाती हैं। आजकल रेबड़ी निर्माण और वितरण में भाजपा दुसरे दलों से सबसे आगे है और इसकी वजह से भाजपा को राज्य विधानसभा चुनावों में लगातार विजयश्री हासिल हो रही है। मप्र,राजस्थान,छत्तीसगढ़ ,महाराष्ट्र और हरियाणा के मतदाताओं ने भाजपा ब्रांड रेबडियों को पसंद किया ,लेकिन हिमाचल,कर्नाटक,तेलंगाना में भाजपा की रेबड़ियाँ नहीं चलीं।

राजनीति में रेबड़ी कल्चर ने लोकतंत्र और चुनावों में शुचिता का बंटाधार कर दिया है। रेबडियों के वितरण पर न अदालत रोक लगा पायी है और न चुनाव आयोग। इसलिए रेबड़ियाँ बेरोक-टोक बनाई और बेचीं जा रहीं हैं।

# जीवनशैली का हिस्सा बनें खेल !

सुनील कुमार महला

"वास्तव में खेल एक मानवीय गतिविधि होती है, जिसमें शारीरिक परिश्रम और कौशल को गतिविधि का प्राथमिक केंद्र माना जाता है। ये खेल ही होते हैं जिनमें प्रतिस्पर्धा या सामाजिक भागीदारी के तत्व शामिल होते हैं।खेल का जीवन में बहुत बड़ा महत्व होता है। खेलों से जहां व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है, वहीं दूसरी ओर ये हमारे स्वास्थ्य को भी बनाये रखते हैं।खेल से मनोरंजन तो होता ही है साथ ही साथ खेल सामाजिक विकास में भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सच तो यह है कि खेल के माध्यम से व्यक्ति के नीरस जीवन में उत्साह का संचार होता है। इसलिए सरकार को खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करनी चाहिए।खेल हमें भावनात्मक तौर पर मजबूत बनाते हैं और हमारे अंदर छिपी हुई प्रतिभा को भी मंच भी प्रदान करते हैं"

**हाल ही** में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ही दिन में दो खो-खो वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि 'भारतीय खो-खो के लिए एक महान दिन है। पाठकों को जानकारी देता चलूं कि भारतीय महिला और पुरुष टीमों ने हाल ही में पहले खो-खो विश्व कप 2025 के खिताब जीत लिए हैं। भारतीय पुरुष टीम ने जहां खो- खो विश्व कप के फाइनल में पड़ौसी नेपाल को 54-36 से शिकस्त दी तो वहीं दूसरी ओर इससे पहले भारतीय महिला टीम ने भी नेपाल को हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। गौरतलब है कि महिला टीम ने फाइनल में नेपाल को 78-40 के अंतर से हराया। गौरतलब है कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा समर्थित खो-खो प्रतियोगिता के पहले संस्करण में 20 पुरुष और 19 महिला टीमों ने हिस्सा लिया था। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय पुरुष टीम नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान के साथ ग्रुप ए में शामिल थी, जबकि महिला टीम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, मलेशिया और रिपब्लिक ऑफ कोरिया के साथ ग्रुप ए में काबिज थी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमों ने क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय पुरुष खो-खो टीम ने क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका को 100-40 से हराने से पहले एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 62-42 से हराया। इधर,महिला वर्ग में, भारत ने क्वार्टर और सेमीफाइनल में क्रमशः बांग्लादेश को 109-16 और दक्षिण अफ्रीका को 66-16 से हराने से पहले अपने सभी तीन ग्रुप मैच जीतकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था। वास्तव में कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय टीमों की यह जीत युवाओं के बीच खो- खो को और अधिक लोकप्रिय बनाने में योगदान देगी।सच तो यह है कि भारतीय टीमों की यह ऐतिहासिक जीत उनके अद्वितीय कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का परिणाम है। बहरहाल, यह विडंबना ही कि आज हमारे यहां स्थानीय और पारंपरिक खेल धीरे-धीरे विलुप्त होते चले जा रहे हैं और देश के युवाओं का



ध्यान क्रिकेट, बैडमिंटन जैसे खेलों की ओर ही अधिक है। वास्तव में खेल एक मानवीय गतिविधि होती है, जिसमें शारीरिक परिश्रम और कौशल को गतिविधि का प्राथमिक केंद्र माना जाता है। ये खेल ही होते हैं जिनमें प्रतिस्पर्धा या सामाजिक भागीदारी के तत्व शामिल होते हैं।खेल का जीवन में बहुत बड़ा महत्व होता है। खेलों से जहां व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है, वहीं दूसरी ओर ये हमारे स्वास्थ्य को भी बनाये रखते हैं।खेल से मनोरंजन तो होता ही है साथ ही साथ खेल सामाजिक विकास में भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सच तो यह है कि खेल के माध्यम से व्यक्ति के नीरस जीवन में उत्साह का संचार होता है। इसलिए सरकार को खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करनी चाहिए।खेल हमें भावनात्मक तौर पर मजबूत बनाते हैं और हमारे अंदर छिपी हुई प्रतिभा को भी मंच भी प्रदान करते हैं। ये हमारे तनाव और अवसाद को भी काफी हद तक कम करते हैं और अच्छी नींद लाने में सहायक हैं। खेल टीमवर्क और खेल भावना को भी बढ़ावा देते हैं।बहरहाल, आज भारत में ऐसे बहुत से खेल ऐसे हैं जो केवल स्थानीय क्षेत्र में खेले जाते हैं या जो अभी भी राष्ट्रीय स्तर का खेल बनने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पाठकों को बताता चलूं कि भारत हमेशा से संस्कृति और परंपरा से समृद्ध रहा है और खेल, हमेशा से ही भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहें हैं, लेकिन आज विभिन्न स्थानीय खेलों जैसे कि सतोलिया (पिट्ठू या लगोरी),गुट्टे या किट्ठ, कंचा, गिल्ली डंडा,पोशम्पा,चौपड़/पचीसी, मल्लखंब,किठ-किठ, धोपकेल,पलांगुली, हाथ कुश्ती(पंजा लड़ाना),युबी लकपी ऐसे खेल हैं, जिन्हें राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई स्थान नहीं है। ऐसे में आज जरूरत इस बात की है कि इन खेलों के लिए विशेष वित्त पोषण और अनुदान की व्यवस्थाएं की जाए और इनको अधिकाधिक बढ़ावा देने की दिशा में यथेष्ठ प्रयास किए जाएं। आज विश्व में संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस, जापान, आस्ट्रेलिया, स्वीडन जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन जैसे बहुत आगे है, क्यों कि ये देश खेलों के लिए ट्रेनिंग वैज्ञानिक और मेडिकल साइंस के आधार पर करवाते हैं, जिससे वो मेडल जीतने में कामयाब होते हैं।

खेलों के लिए विभिन्न सुविधाएं जैसे खेल के लिए मैदान, विभिन्न खेल उपकरण, ट्रेनिंग व्यवस्थाएं खेलों के लिए एक आवश्यकता है। कहना गलत नहीं होगा कि अगर भारत की ग्रामीण आबादी खेलना शुरू कर दे, और ग्रामीण स्थानीय खेलों के लिए स्कूली समय से ही बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जाए तो खेलों को लोकप्रिय बनाया जा सकता है। सच तो यह है कि जीवन का सार हमारी भागीदारी में ही है। खेल के लिए भागीदारी बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। कहना गलत नहीं होगा कि भारत में खेल लोकप्रिय तब बनेंगे, जब भारत की 65-70% ग्रामीण जनसँख्या खेल खेलना शुरू कर दे। ऐसा करने के लिए, ग्रामोत्सव का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें हजारों गांव खेलों में हिस्सा ले सकते हैं। इतना ही नहीं,खेलों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण है। शिक्षा के साथ ही खेलों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। दूसरे शब्दों में कहें तो खेल लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा में भी जोड़ते हैं, इसलिए खेल शिक्षा पद्धति का आवश्यक हिस्सा होने चाहिए। प्रोत्साहन और प्राथमिकता के साथ ही खेलों में रूचि जाग्रत किए जाने की भी जरूरत है।खिलाडियों के लिए प्रशिक्षण और कोच की व्यवस्था होनी चाहिए। आज कबड्डी, खो-खो,फुटबॉल, बास्केटबॉल जैसे खेलों के प्रशिक्षण के लिए कोच उपलब्ध न होने के कारण ये खेल पीछे रह गए हैं। इतना ही नहीं, खेलों के लिए आधारभूत संरचना का विकास, खेल नीति का क्रियान्वयन, अनुभवी खिलाड़ियों से परामर्श लेना और स्कूली स्तर पर खेलों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित जरूरी है। समय समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना जरूरी है। इतना ही नहीं, लड़कों के साथ -साथ लड़कियों को भी खेलने का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। इससे सभी खेलों को बढ़ावा मिलेगा।विभिन्न परीक्षाओं में प्रतिभावान खिलाडियों को अतिरिक्त अंक दे कर खेलों के प्रति आकर्षण पैदा किया जा सकता है। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए खेलना भी जरूरी है, यह बाल्यकाल से(स्कूली समय से) बच्चों को बताया जाना चाहिए। सबसे बड़ी बात, खेलों को राजनीति से हमेशा दूर रखा जाना चाहिए ताकि सही प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सकें।

बजट में खेलों के लिए विशेष प्रावधान करते हुए अधिक व अतिरिक्त धनराशि आवंटित की जानी चाहिए। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के द्वारा खिलाडियों को प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध करवानी चाहिए। साथ ही खेल को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के प्रयास होने चाहिए।

## कविता

### आजाद पुरुष

उठो देश के लोगों  
खुद के अधिकारों को  
जरा एक बार पहचानो।  
निकलकर झूठे किरदारों से  
खुद के व्यक्तित्व को  
जरा एक बार निखारो।  
सत्ता सत्ताधारियों की नहीं  
सत्ता को अजमाने वालों की  
सदा होती आई है।  
खुद की अजमाईस कर  
खुद की एक सत्ता  
जरा एक बार बनाना सीखो।  
उठो देश के लोगो  
खुद के अंदर के सत्य पुरुष को  
जरा एक बार पहचानो।  
आजाद पुरुष की तरह  
सत्य के लिए एक बार  
जरा जीवन जी कर देखो।

डॉ.राजीव डोगरा

# दलितों को लुभाने के लिए कांग्रेस का नया अभियान: जय बापू, जय भीम

**अजय कुमार**

**कांग्रेस इन** दिनों अपनी खोई हुई सियासी जमीन को दोबारा पाने के लिए जी-जान से जुटी हुई है। वर्षों से सत्ता के केंद्र में रही यह पार्टी, अब देश के हर हिस्से में अपने लिए जगह बनाने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में कांग्रेस ने जय बापू, जय भीम और जय संविधान नामक अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान देशभर में कांग्रेस के लिए एक नई ऊर्जा का माध्यम बन रहा है, जिसका उद्देश्य दलित समाज के बीच अपनी पुरानी पहचान को फिर से स्थापित करना है। इस अभियान का आगाज दिल्ली के सीलमपुर से हुआ, फिर कर्नाटक के बेलगाम में इसकी गूंज सुनाई दी और अब अगला पड़ाव डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू है, जहां 28 जनवरी को एक विशाल जनसभा होने वाली है। इस अभियान के जरिए कांग्रेस ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं कि वह दलित समाज के दिल और दिमाग में एक बार फिर जगह बनाना चाहती है। आजादी के शुरूआती वर्षों में कांग्रेस दलितों के लिए सबसे बड़ा सियासी मंच हुआ करती थी, लेकिन अस्सी के दशक में बसपा के उदय के बाद यह समीकरण पूरी तरह बदल गया। उत्तर भारत के कई राज्यों में दलित वोट कांग्रेस से खिसककर बसपा की झोली में चले गए। वहीं, पिछले कुछ दशकों में बीजेपी ने भी दलितों के एक बड़े हिस्से को अपने साथ जोड़ने में सफलता हासिल की। 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने आरक्षण और संविधान जैसे मुद्दों के जरिए दलित समाज के बीच नई उम्मीदें जगाई थीं, और अब वह इस विश्वास को और मजबूत करने के लिए मैदान में उतर आई है। कांग्रेस का यह कदम बसपा की राजनीति से प्रेरित नजर आता है। जिस तरह से बसपा ने नीला झंडा, हाथी का निशान और ह्यजय भीमह्ण के नारों से अपनी पहचान बनाई थी, उसी राह पर अब कांग्रेस भी चलती दिख रही है। कांग्रेस नेता, जिनमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हैं, नीला अंगवस्त्र धारण कर मंच साझा कर रहे हैं और डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें मंच की शोभा बढ़ा रही हैं। जय भीम का नारा, जो कभी बसपा की पहचान हुआ करता था, अब कांग्रेस की सभाओं में गूंज रहा है। डॉ. आंबेडकर की राजनीतिक और सामाजिक विरासत आज केवल दलितों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत की राजनीति का केंद्र बन चुकी है। दलित समाज के लिए आंबेडकर एक प्रेरणा हैं, एक मसीहा हैं, और कांग्रेस इसे भलीभांति समझती है। यही वजह है कि आंबेडकर के नाम को लेकर कांग्रेस ने एक ठोस रणनीति बनाई है।

## विचार

# सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को समझने में कठिनाइयां

**डॉ सत्यवान सौरभ**

सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि जिसमें 4, 000 से अधिक मुहरें और शिलालेख शामिल हैं, इस अत्यधिक विकसित कांस्य युग के समाज (2500-1900 ईसा पूर्व) को समझना मुश्किल बनाता है। यूनेस्को के अनुमान के अनुसार, लिपि में 400-600 अलग-अलग प्रतीक हैं। इसके संक्षिप्त शिलालेखों, द्विभाषी ग्रंथों की कमी और भाषाई वंश पर असहमति के कारण इसकी व्याख्या करना मुश्किल है। बहुत कम लिपि के नमूने मौजूद हैं और सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि अभी भी समझ से बाहर है। चूँकि शिलालेख अक्सर संक्षिप्त होते हैं-जिसमें केवल चार से पाँच प्रतीक होते हैं-इसलिए व्याकरण, वाक्यविन्यास या भाषा संरचना को निर्धारित करना चुनौतीपूर्ण है। रोसेटा स्टोन में डिक्रिप्शन के लिए व्यापक पाठ था, जबकि सिंधु की अधिकांश मुहरें केवल 1-2 इंच लंबी हैं और उनमें छोटे प्रतीक हैं। रोसेटा स्टोन के विपरीत, सिंधु लिपि की तुलना और डिकोड करने वाले कोई भी द्विभाषी ग्रंथ नहीं खोजे गए हैं। मेसोपोटामिया के शिलालेखों में क्यूनिफॉर्म और अन्य प्राचीन भाषाओं के बीच समानताएँ हैं, लेकिन सिंधु मुहरों में नहीं। यह शिक्षाविदों के बीच बहस का विषय है कि क्या लिपि एक लेखन प्रणाली है या प्रशासनिक या प्रतीकात्मक चिह्न हैं जिनका कोई भाषाई आधार नहीं है। एक पूर्ण लेखन प्रणाली होने के बजाय, पश्चिमी विद्वानों का तर्क है कि सिंधु प्रतीक प्रारंभिक व्यापार प्रणालियों के टोकन की तरह हैं। कई मुहरों और प्रतीकों को उनके मूल पुरातात्विक संदर्भ के बाहर खोजा गया है, जिससे अनुमानात्मक व्याख्याएँ हुई हैं। मोहनजो-दारो में, खुदाई के दौरान मलबे की परतों में अक्सर मुहरें पाई जाती थीं, जिनका कलाकृतियों या शहरी कार्यों से कोई स्पष्ट सम्बंध नहीं था। शहरी विकास और उपेक्षा के कारण कई साइटों के विनाश के परिणामस्वरूप समझने योग्य कलाकृतियों की मात्रा कम हो गई है। अतिक्रमण के कारण, कालीबंगन जैसे स्थलों पर शिलालेखों और पुरातात्विक परतों तक पहुँच प्रतिबंधित कर दी गई है। दुर्गम डेटाबेस के कारण लिपि को डिकोड करना मुश्किल है। पूर्ण डिजिटलीकरण की कमी और प्रतिबंधात्मक नीतियाँ अक्सर शोधकताओं को सिंधु शिलालेखों तक पूरी पहुँच रखने से रोकती हैं। कई मुहर डेटाबेस अभी भी अप्रकाशित हैं, जो शोधकताओं की व्यवस्थित भाषाई या कम्प्यूटेशनल विश्लेषण करने की क्षमता में बाधा डालते हैं। राजनेता अक्सर उन व्याख्याओं का विरोध करते हैं और उन पर बहस करते हैं जो लिपि को विशेष भाषाई या सांस्कृतिक समूहों से जोड़ते हैं। "आर्यन" व्याख्या के विरोधी "द्रविड़" कनेक्शन के दावों को चुनौती देते हैं, जिससे वस्तुनिष्ठ शोध अधिक कठिन हो जाता है। राजनीतिक और तार्किक मतभेदों के कारण, दक्षिण एशियाई देशों ने संयुक्त अनुसंधान पर अच्छा समन्वय नहीं किया है। भारत और पाकिस्तान, दो महत्त्वपूर्ण क्ख्ड विरासत हितधारकों के बीच कुछ संयुक्त पुरातात्विक कार्यक्रम मौजूद हैं। लिपि में पैटर्न पहचान के लिए, अक और कम्प्यूटेशनल भाषाविज्ञान में प्रगति का अभी भी पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया है। जबकि माया प्रतीकों को अक द्वारा डिकोड किया गया था, सिंधु मुहरों पर तुलनीय मशीन-लर्निंग अनुप्रयोगों के लिए पर्याप्त एनोटेट डेटा नहीं है। मौजूदा स्थल और शिलालेख बाढ़ और जलवायु परिवर्तन से और भी अधिक नष्ट हो सकते हैं। 2022 में, बाढ़ ने मोहनजो-दारो को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे इसकी विशिष्ट कलाकृतियों का नुकसान और भी बदतर हो गया। डेटाबेस तक खुली पहुँच प्रदान करना सहयोगी अनुसंधान को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है। उचित पुरातात्विक संदर्भ में विश्वव्यापी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए मुहरों और कलाकृतियों के बारे में सभी जानकारी को डिजिटाइज और केंद्रीकृत करें। सफल विरासत डेटा डिजिटलीकरण को यूरोपियाना जैसे प्लेटफॉर्म द्वारा मॉडल किया जाता है, जो सिंधु से सम्बंधित समान पहलों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम कर सकता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# साहित्य का सौदा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**शहर का नाम** है सृजनपुर, जो अपनी साहित्यिक विरासत के लिए कभी प्रसिद्ध था। अब वहाँ के साहित्यकार गुमनामी के अंधेरों में खो गए थे, और साहित्य मात्र मंचीय "हास्य कवि सम्मेलनों" तक सिमट गया था। इसी शहर में रहते थे बालकृष्ण भावुक, एक मंझे हुए साहित्यकार, जिन्होंने अपना पूरा जीवन साहित्य को समर्पित कर दिया था। लेकिन अब, वे अपनी लिखी कविताओं और कहानियों को संभालते हुए केवल एक सवाल पूछते थे, "क्या यह सब व्यर्थ है" बालकृष्ण जी का शरीर उम्र के साथ-साथ टूटता जा रहा था, परंतु उनके सपनों की चमक अभी भी आँखों में बाकी थी। उन्होंने साहित्य के बड़े मंचों पर नाम कमाया था। उनकी कविताएँ, जो कभी पाठकों की आत्मा तक पहुँचती थीं, अब गुमनाम पन्नों पर धूल खा रही थीं। एक दिन, बालकृष्ण जी मोहल्ले की चाय की दुकान पर बैठे थे। सामने अखबार में "स्टार कवि सम्मेलन" का विज्ञापन था, जिसमें कवियों के नाम के साथ उनकी "फीस" का उल्लेख किया गया था। बालकृष्ण जी ने फीकी मुस्कान के साथ चाय के घूँट भरे। पास बैठे एक युवा लेखक ने पूछा, "गुरुजी, आप क्यों नहीं इन सम्मेलनों में भाग लेते" बालकृष्ण जी ने ठंडी साँस लेते हुए कहा, "बेटा, साहित्य अब भावनाओं का नहीं, बाजार का हिस्सा बन गया है। यहाँ प्रतिभा से ज्यादा तुकबंदी बिकती है। मेरे पास वह 'मसाला' नहीं, जो यहाँ चलता है।"

उस युवा ने उनकी बात समझने की कोशिश की, लेकिन वह "मसाला" शब्द पर अटक गया। उसने सोचा कि गुरुजी को शायद स्पॉन्सरशिप की कमी है। दूसरे दिन, मोहल्ले के सभागार में एक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। बालकृष्ण जी को सम्मानित अतिथि के रूप में बुलाया गया था। वे मंच पर गए, पर उनके शब्दों में कोई चमक नहीं थी। उन्होंने कहा, "साहित्य का यह जो रूप मैं देख रहा हूँ, वह पीड़ा देता है। जो कलम समाज को दिशा देती थी, वह अब केवल मनोरंजन का साधन बन गई है।"उनकी इस बात पर सभागार में सन्नाटा छा गया। कुछ लोग फुसफुसाए, "यह तो पुराने जमाने की बातें कर रहे हैं।

# जनता की भावनाऐं आहत ना हों, राजशाही ध्यान रखें !

मदन

देशभर में इस वर्ष 26 जनवरी 2025 को भारत अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। यह खास दिन हर भारतीय को गर्व का अनुभव करवाता है। इस खास दिन भारत ने अपना संविधान लागू किया था। देशभक्ति के जज्बे से भरपूर इस दिन को खास बनाने के लिए लोग एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस के बधाई संदेश भेजते हैं।

76 वां गणतंत्र दिवस की खुशी है मगर जन-जन की भावनाएं तो आहत है। संविधान के अनुरूप जनता की सरकार है, उसके द्वारा चुनी गई और उसी के लिए बनाई गई सरकार है। इतना सब कुछ तो जनता की भावनाओं को क्यों ठेस लग रही है। महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी सभी बेतहाशा बढ़ी हुई है। वही समस्याएं सामने है जो पहले थी, अब तो और ज्यादा बड़ी हो गई है। पक्ष विपक्ष की लडाई में व्यस्त सरकार जनता की मूल समस्याओं को हल नहीं कर पा रही है जनता इसलिए दुखी है। देश में बहुत बढ़ा वर्ग उपेक्षित है।

आरक्षण कब अधिकार बन गया, कब तक चलेगा इसकी सीमा समय तय करने का साहस सैंकडों संशोधन संविधान में करने वाली सरकारों में कहां था, आगे भी यह साहस कोई सरकार नहीं दिखा पायेगी। जन गण मन को इसके अर्थ की वजह से राष्ट्रगान बनाया गया। इसके कुछ अंशों का अर्थ होता है कि भारत के नागरिक, भारत की जनता अपने मन से आपको भारत का भाग्य विधाता समझती है। हे अधिनायक (सुपरहीरो) तुम्ही भारत के भाग्य विधाता हो। इसके साथ ही इसमें देश के अलग- अलग राज्यों का जिक्र भी किया गया था और उनकी खूबियों के बारे में बताया गया था। प्रमुख कर्तव्य है हम सबका कि राष्ट्र की रक्षा और उत्थान में देश की सरकार व जनता सदैव तत्पर रहे, सभी में देश की सुंदरता को बढ़ाने, सीमाओं की रक्षा और देश की धरोहरों को अक्षुग्ण रखने, देश का सम्मान बढाने का भाव सदैव बना रहे। देश का भाग्य बनाने में सभी का योगदान रहे ताकि विश्व में भारत का गौरव बढे, सरकार को भी इसी उद्देश्य के अनुरूप कल्याणकारी कार्य करना चाहिए।

# जहांगीरपुरी ए ब्लॉक: शिवांक सिंघल को मिला महिला शक्ति का आशीर्वाद

● महिलाओं ने दिया कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल को आशीर्वाद, सैकड़ों की संख्या में जनसभा में शामिल हुई महिलाएं













**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। प्रत्याशी दिन-रात प्रचार में जुटे हैं। मतदाताओं तक पार्टी की नीतियों से अवगत करा रहे हैं और वोट की अपील कर रहे हैं साथ ही जनसंपर्क कर क्षेत्र की समस्याएं सुन उनका समाधान करने का आश्वासन दे रहे हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं।

**महिला जनसभा में शामिल हुए शिवांक:** जहांगीरपुरी ए ब्लॉक में महिला जनसभा का आयोजन किया। इस सभा में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ-साथ क्षेत्र की महिला शक्ति का भारी जनसमूह भी शमिल हुई। शिवांक सिंघल ने महिला शकित के समक्ष जहां कांग्रेस की नीतियों को रखा वहीं महिलाओं की समस्याओं से अवगत हुए। इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि घर में पीने के पानी बहुत गंदा आता है। पानी खरदीकर पीते हैं। यहां तक कि पीने वाले पानी से बर्तन भी नहीं धो सकतें। साथ ही महिलाओं से क्षेत्र में सफाई की बात भी उठाई। महिलाओं ने कहा आम आदमी पार्टी के कार्यकाल गलियों का बुरा हाल है। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सीवर लाईन ओवरफ्लो हो रही है।

**शिवांक ने भी महिला शक्ति को दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन:** शिवांक ने भी महिला शक्ति की सारी समस्याओं को ध्यानर्पूवक सुना। शिवांक ने महिलाओं से वादा किया कि जो भी समस्याएं सबका चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद हल करूंगा।

**शिवांक ने आप को घेरा:** शिवांक सिंघल ने कहा कि आम आदमी के प्रत्याशी को महिलाओं का दुख सुनना चाहिए। किस मुंह आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी वोट की अपील कर रहे। सिर्फ हवा-हवाई बातें। लेकिन इस बार जनता ने ठान लिया है कि आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल करना है, तभी महिला शक्ति की समस्याएं तो हल होंगी ही दिल्ली में रूका हुआ विकास कार्य अनवरत रूप से शुरू हो जाएगा।

**कांग्रेस ने ही करवाये दिल्ली में विकास कार्य :** शिवांक ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने झुग्गीवासियों के लिए एक भी विकास कार्य नहीं किया। विकास के नाम पर झुग्गीवासियों ने आप सभी को भ्रमित किया। शवांक ने कहा कि दिल्ली में असली विकास कार्य कांग्रेस ने ही किया है।





## पुलिस योजना में योगदान देने वाले पुलिस कर्मी हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। सामुदायिक** पुलिसिंग विभाग पुलिस मुख्यालय के तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र के सभागार में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सामुदायिक पुलिसिंग) मीनाक्षी शर्मा के मुख्य आतिथ्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों, संगठनों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ यूनिसेफ, आरंभ संस्था और अन्य गैर-सरकारी संगठनों के प्रमुख



सदस्य शामिल थे। साथ ही इस कार्यक्रम में सृजन अभियान के तहत 500 से अधिक बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर मीनाक्षी शर्मा ने बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर दिन बालिका दिवस होना चाहिए, और किसी भी बालिका या महिला के साथ हिंसा या भेदभाव नहीं होना चाहिए। महिलाओं की क्षमता का सम्मान कर उनके सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

**मार्शल आर्ट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया, जिसमें आत्मरक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया। साथ ही, नाटक, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शिक्षा और तकनीकी कौशल के जरिए आत्मनिर्भरता और विकास प्राप्त किया जा सकता है। पीएसओ टू डीजीपी विनीत कपूर ने सामुदायिक पुलिसिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुलिस और आम जनता के बीच समन्वय स्थापित कर सामाजिक बदलाव लाया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण रोकने बस्तर से पदयात्रा करेंगे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर। बागेश्वर** धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आज शुक्रवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे। इस दौरान पंडित शास्त्री ने एयरपोर्ट में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, धर्मांतरण देश का सबसे बड़ा मुद्दा है, इसका प्रमुख कारण अशिक्षा है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि विदेशी फंडिंग से देश में धर्मान्तरण हो रहा है। धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ आवाज

**शराबबंदी**

**▸▸ पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि, मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी शराबबंदी होनी चाहिए**

उठाएंगे। उनका देश निकाला करवाएंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण रोकने के लिए छग के बस्तर से पदयात्रा करेंगे। पंडित शास्त्री ने कहा, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के खिलाफ पदयात्रा करूंगा। विश्व की सेकेंड लार्जेस्ट चर्च छग के जशपुर में है। जशपुर और बस्तर से पदयात्रा निकालकर हिंदुओं की घर वापसी कराएंगे। मध्यप्रदेश में धार्मिक नगरों में शराब बंदी की घोषणा पर मुख्यमंत्री मोहन यादव की तारीफ करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि, मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी शराबबंदी होनी चाहिए।

## बीजापुर में पांच-पांच किलो के दो आईईडी बरामद

**बीजापुर/सुकमा।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से अलग-अलग जगहों पर प्लांट किए गए पांच-पांच किलो के दो आईईडी को जवानों ने बरामद कर डिफ्यूज कर दिया है। डीआरजी बीजापुर, बीडीएस बीजापुर, 85 वी वाहिनी केरिपु टीम एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग ड्यूटी पर निकली थी। पुलिस के मुताबिक नक्सलियों ने गंगालुर थाना क्षेत्र के मुतवेंडी व पीड़िया जाने वाले रास्ते पर अलग-अलग जगहों में 5-5 किलो के 2 आईईडी प्लांट कर रखे थे।

**रिकॉर्ड** – मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साहसी पर्वतारोही मप्र की बेटी भावना डेहरिया को दी बधाई

## भावना ने द. अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट एकॉनकागुआ पर फहराया झंडा

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। मध्य** प्रदेश की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की ब्रेन्ड एम्बेसडर पर्वतारोही भावना डेहरिया ने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी माउंट एकॉनकागुआ (6961 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का झंडा फहराया है। उन्होंने यह उपलब्धि "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" के 10 वर्षों को समर्पित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश की गौरव भावना डेहरिया की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार देर शाम सोशल मीडिया के माध्यम से




कहा कि प्रदेश की साहसी पर्वतारोही भावना को "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के दिन 22 जनवरी को यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की साहसी युवतियां अन्य राष्ट्रों की दुर्गम पर्वत शिखरों पर पहुंचकर देश और प्रदेश की प्रतिष्ठा बढ़ा रही हैं। 'पर्वतारोही' भावना डेहरिया मध्य प्रदेश की बेटी हैं। उन्होंने दक्षिण अमेरिका के सर्वोच्च ऊंचाई के पर्वत स्थल माउंट एकॉनकागुआ (6,961 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी भावना ने अपनी यह उपलब्धि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के 10 वर्ष को समर्पित कर इस अभियान को नव शक्ति प्रदान करने के साथ-साथ बेटियों को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। भावना की यह उपलब्धि देश की बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। प्रदेश की महिला बाल विकास निर्मला भूरिया ने भावना की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की बेटी ने न सिर्फ सम्पूर्ण भारत को गौरवान्वित किया है।

